**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-4644**

**जिसका उत्तर 31 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।**

**एकीकृत विद्युत विकास योजना**

**4644. श्री मितेष पटेल (बकाभाई):**
**श्रीमती शारदा अनिल पटेल:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में एकीकृत विद्युत विकास योजना की मुख्य विशेषताएं, कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत किए गए कुल बजटीय आवंटन और जारी की गई निधि की मात्रा का गुजरात सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा सकल तकनीकी और वाणिज्यिक (एटीएंडसी) नुकसान को कम करने तथा 24X7 बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु उक्त योजना के उचित कार्यान्वयन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत पूरा किए जाने वाले कार्यों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) से (घ) :** भारत सरकार ने दिसंबर, 2014 में एकीकृत विद्युत विकास स्कीम (आईपीडीएस) आरंभ की थी जिसके अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में उप-पारेषण एवं वितरण नेटवर्कों के सुदृढ़ीकरण; शहरी क्षेत्रों में वितरण ट्रांसफार्मरों/फीडरों/उपभोक्ताओं की मीटरिंग; आईटी सक्षमकारी कार्य; उद्यम संसाधन आयोजना (ईआरपी); स्मार्ट मीटरिंग; गैस इन्सुलेटिड उप-केंद्र (जीआईएस); तथा रीयल टाइम डेटा एक्विजिशन सिस्टम (आरटी-डीएएस) जैसी वितरण अवसंरचना परियोजनाओं का निष्पादन किया जाता है।

अब तक, आईपीडीएस के अंतर्गत, यहां दर्शाए गए परियोजना घटकों को कवर करते हुए 30,522 करोड़ रूपये [भारत सरकार (जीओआई) के 19,139 करोड़ रूपये के अनुदान सहित] मूल्य की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिसमें से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 17,058 करोड़ रूपये का जीओआई अनुदान जारी किया जा चुका है। गुजरात राज्य सहित आईपीडीएस के अंतर्गत राज्य-वार स्वीकृतियों और संवितरणों का ब्यौरा **अनुबंध-I** पर दिया गया है।

आईपीडीएस के अंतर्गत, शहरी क्षेत्रों में उप-पारेषण एवं वितरण नेटवर्कों के सुदृढ़ीकरण और सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक (एटी एंड सी) हानियां कम करने के लिए वितरण ट्रांसफार्मरों/फीडरों/उपभोक्ताओं की मीटरिंग के लिए केंद्रीय निधियन की व्यवस्था की जा रही है। आईपीडीएस के अंतर्गत भूमिगत (यूजी) केबलिंग तथा ऐरियल बंच्ड (एबी) केबल और मीटरिंग के लिए भी निधियां स्वीकृत की गई हैं, जिससे एटी एंड सी हानियां कम करने में सहायता मिलेगी।

आईपीडीएस के अंतर्गत, 33 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 547 परिमंडलों को कवर करते हुए प्रणाली सुदृढ़ीकरण एवं वितरण (एसटीएंडडी) परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें से 546 परिमंडलों में वितरण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। आईपीडीएस प्रणाली सुदृढ़ीकरण परियोजनाओं के राज्य-वार कार्यान्वयन की स्थिति **अनुबंध-II** में दी गई है।

आईपीडीएस के अलावा, सरकार ने हाल ही में, वितरण यूटिलिटियों के लिए परिणाम-संबद्ध संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस) और अतिरिक्त उधारी के लिए एक स्कीम शुरू की है, ये दोनों ही एटी एंड सी हानियों में कमी और विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता के क्षेत्र में सुधार हेतु वित्तीय प्रोत्साहन से जुड़ी हैं। इस संबंध में सुधारों और वित्तीय प्रोत्साहनों को अलंघनीय रूप से वितरण यूटिलिटियों और राज्यों को निधियां जारी करने से जोड़ा गया है।

*************

**अनुबंध-I**

**लोक सभा में दिनांक 31.03.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 4644 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

*************

**आईपीडीएस के अंतर्गत स्वीकृति और संवितरित राशि का राज्य-वार विवरण**

**(राशि करोड़ रुपये में)**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आईपीडीएस (कुल) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | परियोजना लागत/समापन लागत | भारत सरकार से अनुदान | भारत सरकार से अनुदान संवितरण |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 31 | 19 | 10 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 868 | 523 | 503 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 159 | 136 | 110 |
| 4 | असम | 716 | 609 | 560 |
| 5 | बिहार | 2967 | 1786 | 1441 |
| 6 | छतीसगढ़ | 610 | 367 | 318 |
| 7 | दिल्ली | 198 | 119 | 108 |
| 8 | गोवा | 84 | 51 | 44 |
| **9** | **गुजरात** | **1067** | **642** | **642** |
| 10 | हरियाणा | 447 | 269 | 182 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 190 | 162 | 145 |
| 12 | जम्मू एवं कश्मीर | 452 | 384 | 326 |
| 13 | झारखंड | 768 | 462 | 448 |
| 14 | कर्नाटक | 1358 | 818 | 792 |
| 15 | केरल | 659 | 397 | 392 |
| 16 | लद्दाख | 20 | 17 | 15 |
| 17 | महाराष्ट्र | 2551 | 1536 | 1361 |
| 18 | मणिपुर | 134 | 114 | 96 |
| 19 | मेघालय | 108 | 92 | 55 |
| 20 | मिजोरम | 111 | 95 | 82 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 1644 | 990 | 937 |
| 22 | नागालैंड | 135 | 115 | 108 |
| 23 | ओडिशा | 1153 | 694 | 590 |
| 24 | पुद्दुचेरी | 22 | 13 | 9 |
| 25 | पंजाब | 457 | 275 | 236 |
| 26 | राजस्थान | 1537 | 925 | 826 |
| 27 | सिक्किम | 101 | 86 | 92 |
| 28 | तमिलनाडु | 1745 | 1051 | 1010 |
| 29 | तेलंगाना | 752 | 453 | 451 |
| 30 | त्रिपुरा | 221 | 188 | 139 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 5472 | 3295 | 2959 |
| 32 | उत्तराखंड | 725 | 617 | 478 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 3059 | 1841 | 1586 |
| **कुल** | | **30522** | **19139** | **17058** |

**स्रोत: पीएफसी**

**************

## लोक सभा में दिनांक 31.03.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 4644 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

**************

### आईपीडीएस प्रणाली सुदृढ़ीकरण परियोजनाओं के राज्य-वार कार्यान्वयन की स्थिति (दिनांक 28.02.2022 तक की स्थिति के अनुसार)

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | एस/एस - नए (सं.) | एस/एस - संवर्धन (सं.) | डीटीआर (सं.) | एलटी लाइन (सीकेएम) | एचटी लाइन (सीकेएम) | उपभोक्ता मीटर (सं.) | डीटी मीटर (सं.) | फीडर मीटर (सं.) | एबीसी (सीकेएम) | यूजीसी (सीकेएम) | स्मार्ट मीटर (सं.) | प्रीपेड मीटर (सं.) | बाउंडरी मीटर (सं.) | सोलर पैनल्स (केडब्ल्यूपी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | उपलब्धि | उपलब्धि | उपलब्धि | उपलब्धि | उपलब्धि | उपलब्धि | उपलब्धि | उपलब्धि | उपलब्धि | उपलब्धि | उपलब्धि | उपलब्धि | उपलब्धि | उपलब्धि |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 36800 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | **104** | 96 | 2856 | 384 | 982 | 373958 | 7104 | 134 | 266 | 39 | 0 | 0 | 0 | 2592 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | **1** | 0 | 470 | 234 | 312 | 0 | 0 | 0 | 67 | 4 | 0 | 0 | 0 | 33 |
| 4 | असम | **13** | 39 | 686 | 179 | 617 | 66782 | 1005 | 269 | 2454 | 5 | 0 | 2553 | 123 | 604 |
| 5 | बिहार | **63** | 149 | 4970 | 10 | 1879 | 272575 | 6765 | 1555 | 8389 | 618 | 471491 | 0 | 49 | 1696 |
| 6 | छतीसगढ़ | **32** | 64 | 1701 | 60 | 1098 | 0 | 111 | 0 | 3377 | 43 | 0 | 0 | 415 | 65 |
| 7 | दिल्ली | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | गोवा | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | 129551 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 410 |
| 9 | गुजरात | **19** | 55 | 6111 | 98 | 539 | 876402 | 11533 | 0 | 5300 | 2088 | 0 | 0 | 2 | 1126.93 |
| 10 | हरियाणा | **5** | 5 | 1001 | 39 | 283 | 6640 | 0 | 0 | 1052 | 290 | 0 | 0 | 0 | 423 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | **1** | 2 | 390 | 66 | 76 | 41785 | 677 | 18 | 383 | 0 | 75712 | 0 | 45 | 1106.73 |
| 12 | जम्मू एवं कश्मीर | **15** | 44 | 840 | 46 | 150 | 0 | 1201 | 0 | 997 | 0 | 0 | 0 | 0 | 275 |
| 13 | झारखंड | **26** | 42 | 1675 | 0 | 539 | 53461 | 0 | 2705 | 2174 | 134 | 0 | 0 | 0 | 310 |
| 14 | कर्नाटक | **7** | 2 | 3899 | 457 | 950 | 616789 | 681 | 0 | 2068 | 1300 | 0 | 0 | 72 | 8318 |
| 15 | केरल | **3** | 12 | 885 | 199 | 444 | 646392 | 4109 | 131 | 1188 | 211 | 805 | 680 | 304 | 4960 |
| 16 | लद्दाख | **0** | 4 | 82 | 0 | 25 | 0 | 97 | 0 | 62 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| 17 | मध्य प्रदेश | **58** | 133 | 4391 | 1444 | 2017 | 538913 | 6498 | 24 | 3450 | 9 | 243313 | 0 | 100 | 467 |
| 18 | महाराष्ट्र | **114** | 116 | 5048 | 951 | 1381 | 718836 | 0 | 356 | 2355 | 4602 | 0 | 0 | 196 | 0 |
| 19 | मणिपुर | **4** | 2 | 200 | 0 | 130 | 12 | 381 | 0 | 989 | 0 | 0 | 35409 | 0 | 0 |
| 20 | मेघालय | **6** | 2 | 53 | 57 | 75 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6382 | 12 | 210 |
| 21 | मिजोरम | **2** | 2 | 55 | 136 | 135 | 3800 | 0 | 45 | 91 | 0 | 0 | 0 | 17 | 21 |
| 22 | नागालैंड | **1** | 1 | 121 | 95 | 131 | 59000 | 648 | 31 | 0 | 0 | 0 | 19000 | 10 | 20 |
| 23 | ओडिशा | **14** | 92 | 1983 | 0 | 754 | 313987 | 2815 | 246 | 3404 | 18 | 0 | 0 | 70 | 635 |
| 24 | पुदुचेरी | **0** | 0 | 50 | 0 | 4 | 35000 | 0 | 0 | 0 | 12 | 0 | 0 | 0 | 100 |
| 25 | पंजाब | **0** | 0 | 1757 | 91 | 305 | 15770 | 3831 | 0 | 286 | 1 | 88107 | 0 | 0 | 379.6 |
| 26 | राजस्थान | **127** | 195 | 2395 | 81 | 664 | 8177 | 0 | 127 | 79 | 2817 | 365720 | 0 | 0 | 388 |
| 27 | सिक्किम | **1** | 2 | 39 | 18 | 5 | 79 | 392 | 82 | 28 | 92 | 0 | 26951 | 43 | 345 |
| 28 | तमिलनाडु | **68** | 41 | 1094 | 1747 | 4266 | 2516056 | 46000 | 1206 | 153 | 1747 | 0 | 0 | 2055 | 2082 |
| 29 | तेलंगाना | **54** | 54 | 4284 | 1634 | 853 | 230315 | 1933 | 281 | 352 | 216 | 0 | 6375 | 0 | 2521 |
| 30 | त्रिपुरा | **6** | 1 | 437 | 11 | 40 | 0 | 0 | 139 | 365 | 218 | 0 | 22500 | 44 | 31 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | **196** | 242 | 7904 | 2359 | 3689 | 286249 | 5647 | 303 | 9660 | 4440 | 0 | 0 | 6 | 10067 |
| 32 | उत्तराखंड | **1** | 37 | 293 | 0 | 174 | 34551 | 972 | 181 | 680 | 459 | 0 | 0 | 48 | 2735 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | **50** | 167 | 4353 | 11 | 1147 | 731541 | 1758 | 0 | 14632 | 1925 | 0 | 0 | 0 | 4160 |
| | **कुल** | **991** | **1601** | **60023** | **10409** | **23662** | **8576621** | **104158** | **7833** | **64304** | **21287** | **1281948** | **119850** | **3611** | **46086** |

*********************